मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 1 | शुक्रवार, 1 मार्च 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, LLB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

दीपिका पादुकोण ने प्रेग्नेंसी अनाउंस की

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने सुलझाई हत्या की गुत्थी

## पत्नी ने प्रेमी की मदद से की पति की हत्या









- पत्नी के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार
- 5 मार्च तक पुलिस रिमांड पर
- 30 लाख की सुपारी दी गई

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में 25 फरवरी की रात में हुई रमेश झा की हत्या की गुत्थी उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने सुलझा लिया है. रमेश झा की पत्नी ने ही अपने प्रेमी से साजिश करके एवं 30 लाख की सुपारी देकर अपने पति की हत्या करवाई. अंबरनाथ पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करके 5 मार्च तक रिमांड पर ले लिया है. आरोपी पत्नी सुमन झा, दीपक कुमार, संजय कुमार और संतोष झा हैं.

पुलिस से जानकारी मिली है कि सुमन जा अपने दो लड़कों के साथ दिल्ली में रहती थी. उस समय सुमन का धर्मवीर गुप्ता नाम व्यक्ति के साथ प्यार हो गया. दस वर्ष दिल्ली में रहने के बाद 2022 में सुमन झा अपने दोनों लड़कों के साथ अंबरनाथ वापस आ गई. उसका पति एक कंपनी में नौकरी करता था. धर्मवीर भी अंबरनाथ आ गया. सुमन ने उससे कहा कि उसके पति का खात्मा करना है. पुलिस के अनुसार 30 लाख रुपयों में दिल्ली के गुंडों से बात हुई. ये हत्यारे एक लॉज में तीन दिन रहे. उन्होंने रेकी किया और 25 फरवरी को केबी सड़क पर गणपत ढाबे के सामने चाकू से वार करके हमेश झा को जान से मारकर वापस दिल्ली के लिए रवाना हुए. क्राइम ब्रांच ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों और सुमन झा को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करके 5 मार्च तक रिमांड पर ले लिया है. एक नाबालिग आरोपी को भिवंडी के बच्चों के रिमांड होम में भेज दिया गया है.



क्राइम डायरी...

### कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट से 1.40 लाख के प्लेट चोरी



**बदलापुर.** वालीवली, बदलापुर पश्चिम में एक कंस्ट्रक्शन साइट से कांक्रीट की दीवार बांधने के काम आने वाली 14 अल्युमिनियम प्लेट चोरी कर ली, जिसकी कुल कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सनराइज स्कूल के पास, वालीवली, बदलापुर पश्चिम में रामलिंगम कन्स्ट्रक्शन कंपनी की बांधाकाम साइट है. यहां से बुधवार तड़के 3.30 बजे के करीब 4 अज्ञात लोगों ने कंक्रीट की दीवार निर्माण करने के काम आने वाली अल्युमिनियम की 14 प्लेट चोरी कर ली. प्रत्येक प्लेट की कीमत 10 हजार रुपए है यानी कुल 1 लाख 40 हजार की प्लेटें चोर चोरी कर ले गए. इसकी शिकायत विशाल भीमराव घनाते (29) ने बदलापुर पुलिस में दर्ज कराई है.

## शहाड-टिटवाला स्टेशनों का होगा कायापलट

- अमृत भारत स्टेशन परियोजना में महाराष्ट्र को 2274 करोड़
- मुंबई के 20 स्टेशनों का होगा विकास











**कल्याण.** भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के टिटवाला और शहाड रेलवे स्टेशनों को रेल मंत्रालय की अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है और इन रेलवे स्टेशनों के कार्यों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया. इस योजना से टिटवाला रेलवे स्टेशन में 25 करोड़ 78 लाख और शहाड स्टेशन में 15 करोड़ 47 लाख के काम होंगे.

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 553 रेलवे स्टेशनों का विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को करीब 1500 रेलवे फ्लाईओवर और अंडरपास का ऑनलाइन शिलान्यास किया. इस समय कल्याण-इगतपुरी मार्ग पर रेलवे अंडरपास नं. 53 और नहीं. 76, खडवली से वासिंद के बीच अंडरपास नं. 59 जबकि कल्याण-इगतपुरी मार्ग पर रेलवे फ्लाईओवर नं. 55 और 65 के लिए भूमिपूजन किया गया. टिटवाला रेलवे स्टेशन पर कल्याण की ओर 6 मीटर का नया रेलवे फुट ब्रिज, नया रेलवे स्टेशन भवन, जबकि शहाड रेलवे स्टेशन पर नया स्टेशन भवन, एक्सीलेटर और लिफ्ट आदि शामिल हैं।

कल्याण. लोकल ट्रेनों से आवाजाही करने वालों की आसानी और स्टेशन को और सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे शहाड, टिटवाला समेत मुंबई के 20 स्टेशन का कायापलट करने वाली है। इन 20 स्टेशन पर 497 करोड़ खर्च किए जाएंगे। दिसंबर, 2024 तक सभी स्टेशनों का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के 556 स्टेशन के पुनर्विकास परियोजना की आधारशिला रखी. स्टेशनों के अलावा पूरे देश के करीब 1500 रोड ओवर ब्रिज (ROB) और रोड अंडर ब्रिज (RUB) का भी उद्घाटन हुआ. 'अमृत भारत' स्टेशन परियोजना के तहत देशभर के 1309 रेलवे स्टेशनों को पुनर्निर्मित कर उन्हें विश्व स्तरीय टर्मिनलों में बदला जाएगा।

### महाराष्ट्र के लिए 2,274 करोड़

मुंबई के स्टेशनों को मिलाकर महाराष्ट्र के 56 स्टेशनों को इस योजना में शामिल किया गया है। इसी तरह राज्यभर के कुल 175 ROB और RUB का भी उद्घाटन होगा। महाराष्ट्र की परियोजनाओं के लिए ₹2,274 करोड़ खर्च होंगे। इस साल के बजट में महाराष्ट्र को 15,554 करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन मिला है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों के अलावा विधानसभा और मुंबई मनपा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में, केंद्र सरकार स्टेशनों के पुनर्विकास पर बड़ी रकम खर्च कर लोगों को लुभाना चाहती है।

**मुंबई के इन स्टेशनों का होगा विकास**

**मध्य रेलवे:** भायखला, सैंडहर्स्ट रोड, चिंचपोकली, वडाला रोड, माटुंगा, कुर्ला, विद्याविहार, मुंब्रा, दिवा, शहाड, टिटवाला और इगतपुरी।
**पश्चिम रेलवे:** मरीन लाइंस, चरनी रोड, ग्रांट रोड, लोअर परेल, प्रभादेवी, जोगेश्वरी, मालाड और पालघर।

**FOB पर चलना होगा आसान**

मुंबई उपनगरीय स्टेशन पर भीड़ के कारण पुराने फुटओवर ब्रिज पर चलना मुश्किल होता है। ऐसे में, कई स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े **FOB** का प्रावधान है। पश्चिम रेलवे के जिन स्टेशनों के **FOB** को चौड़ा किया जा रहा है, उनमें मरीन लाइंस, चरनी रोड, ग्रांट रोड, लोअर परेल, प्रभादेवी, जोगेश्वरी और मालाड का नाम शामिल है। इस काम की अनुमानित लगत 85.23 करोड़ रुपये है।

गृह विभाग ने पुलिस महानिदेशक को दिया

## उल्हासनगर में अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

**उल्हासनगर.** शहर में ऑनलाइन जुआ, लॉटरी, खुलेआम गुटखा, गांजा, चरस बिक्री, क्रिकेट सट्टा, हुक्का पार्लर जैसे अनधिकृत कारोबार चल रहे हैं और विधायक कुमार आयलानी ने इन अनधिकृत व्यवसायों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. विधायक आयलानी ने बताया कि सरकार ने आखिरकार मुकदमा दर्ज कर पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के आदेश दिये हैं.

उल्हासनगर में ऑनलाइन जुआ, अवैध कारोबार, मटका, जुआ आदि अनैतिक कारोबार के कारण अपराध बढ़ने को लेकर शहर में हल्ला मच गया है. आखिरकार विधायक कुमार आयलानी ने संज्ञान लिया और सरकार को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की. साथ ही पिछले शीतकालीन सत्र में उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस से मुलाकात कर शहर में चल रहे अनैतिक कारोबार के बारे में जानकारी दी थी। गृह विभाग ने पुलिस महानिदेशक को इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है और कार्रवाई की रिपोर्ट तुरंत सरकार को सौंपी जाये. ऐसे निर्देश राज्य के गृह विभाग ने पुलिस विभाग को दिये हैं.

### घर के पास खड़ा आटो रिक्शा चोरी

**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस थाना अंतर्गत एक घर के पास ही खड़ा किया हुआ आटो रिक्शा चोरी हो गया, जिसकी कीमत 25 हजार रुपए है.

मिली जानकारी के अनुसार रिक्शा चालक गणेश रघुनाथ कापुरे (52) ओमसाई चाल, गणपति मंदिर के पीछे, द्वारली गांव, ता. अंबरनाथ में रहते हैं. उन्होंने अपना आटो रिक्शा (क्र. एमएच 05 सीपी 3429) अपने घर के पास ही खड़ा किया था. 22-23 फरवरी की रात में अज्ञात चोर रिक्शा चोरी कर ले गया. हिललाइन पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस हवलदार शिंदे जांच कर रहे हैं.

## उल्हासनगर मनपा को मिलेगा 10 MLD अतिरिक्त पानी

- सार्वजनिक बांधकाम मंत्री रवींद्र चव्हाण ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- कल्याण लोकसभा क्षेत्र में पानी के मुद्दे पर मंत्रालय में हुई बैठक



**उल्हासनगर.** कल्याण-डोंबिवली, बदलापुर, अंबरनाथ क्षेत्र के निवासियों को गर्मी की शुरुआत में ही पानी की समस्या होने लगी है। इस संबंध में उद्योग मंत्री उदय सामंत की मौजूदगी में मंत्रालय में अहम बैठक हुई. इस बैठक में - उल्हासनगर शहर के नागरिकों की पानी की समस्या को हल करने के लिए एमआईडीसी के माध्यम से 10 एमएलडी अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं. कल्याण लोकसभा क्षेत्र के दिवा, कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर, अंबरनाथ शहरों में रहने वाले नागरिकों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की इस समस्या के समाधान के लिए मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई. इस मौके पर पानी की इस समस्या के समाधान के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई और कई अहम फैसले लिए गए.

बैठक में सार्वजनिक बांधकाम मंत्री रवींद्र चव्हाण, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक राजू पाटिल, बालाजी किणीकर, महेंद्र दलवी, कल्याण डोंबिवली मनपा की आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़, एमआईडीसी के सीईओ बिपिन कुमार शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को इस क्षेत्र के लोगों को प्रचुर मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम और एमआईडीसी दोनों प्रणालियों द्वारा अधिक प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

कल्याण डोंबिवली नगर निगम के लोगों के लिए दिवाली के दौरान पानी का जो दबाव रहता है, उसे फिलहाल बरकरार रखा जाना चाहिए। उल्हासनगर नगर निगम क्षेत्र के लोगों को पानी की आपूर्ति दस एमएलडी बढ़ाई जानी चाहिए। साथ ही इस बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि इस क्षेत्र में पानी की आपूर्ति कैसे सुचारू की जा सकती है, इसके लिए एमआईडीसी अगले दो महीने में अपना डीपीआर तैयार करे. इसलिए इस क्षेत्र में पानी की समस्या जल्द ही दूर हो जायेगी.

**बैठक में अहम फैसले...**

उल्हासनगर शहर के नागरिकों की पानी की समस्या को हल करने के लिए एमआईडीसी के माध्यम से 10 एमएलडी अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराया जाएगा।
- उल्हासनगर मनपा क्षेत्र में जलापूर्ति सुचारू करने के लिए एमआईडीसी प्रशासन दो माह में डीपीआर तैयार करे. इसमें बीओटी-तृतीयक जल परियोजना के लिए निर्माण, उपयोग एवं हस्तांतरण के आधार पर एक माह में विस्तृत परियोजना योजना तैयार की जाएगी।

### भाई ने भाई-भाभी की पिटाई की

**उल्हासनगर.** अपनी पत्नी को पीट रहे छोटे भाई को समझाने गए बड़े भाई व भाभी को ही छोटे भाई ने मारपीट कर घायल क दिया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अमित यादव (30) अपनी पत्नी के साथ मारपीट व गालीगलौज कर रहा था. उसे समझाने के लिए उसके बड़े भाई अनिश रामनयन यादव (34) व उनकी पत्नी संध्या यादव बीच में गए तो नाराज होकर अमित यादव ने गालीगलौज करते हुए अपने भाई व भाभी के साथ मारपीट की और घायल कर दिया. बड़े भाई की शिकायत पर उल्हासनगर पुलिस ने भादंसं की धारा 325, 323, 504 के तहत अपराध दर्ज किया है.

## कल्याण क्राइम ब्रांच की गुटखा माफिया पर बड़ी कार्रवाई

- कुशिवली गांव में बनाया जाता था राज निवास गुटखा
- लाखों का गुटखा और दो मशीनें पुलिस ने की जब्त

आकिब शेख



**कल्याण.** ठाणे के कल्याण में क्राइम ब्रांच यूनिट-3 ने गुटखा बनाने वाले कारखाने पर कार्रवाई करते हुए 7 लाख रुपए का गुटखा जब्त किया है। पुलिस ने मौके से गुटखा बनाने वाली दो मशीनें भी बरामद की है।

हैरानी की बात है कि कल्याण से सटे हाजी मलंग स्थित कुशवली गांव में अवैध तरीके से गुटखा बनाकर बाजार में बेचा जाता था। इस मामले में जानकारी देते हुए क्राइम डीसीपी शिवराज पाटील ने बताया कि क्राइम ब्रांच के इंचार्ज नरेश पवार और उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बदलापुर-काटई रोड़ पर जाल बिछाकर गुटखे से भरी एक चार पहिया वाहन को जब्त कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि हाजी मलंग के पास कुशवली गांव में प्रतिबंधित गुटखा तैयार किया जाता है। इस जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच यूनिट-3 की टीम ने कुशवली गांव में गुटखे के कारखाने पर छापा मारा। पुलिस के मुताबिक कारखाने में राज निवास कंपनी का गुटखा तैयार कर बाज़ार में बेचा जाता था।

**10 लाख का माल जब्त**

कार्रवाई में पुलिस ने 7 लाख का गुटखा, दो मशीनें और एक चार पहिया वाहन को मिलाकर कुल 10 लाख का माल जब्त किया है। वहीं पकड़े गए आरोपियों के नाम विराज अलिमकर, मोहम्मद उमर अब्दुल रहमान और मोहम्मद तारिक अली कादर खान बताया गया है। अधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी विराज अलिमकर है जबकि अन्य दोनों कारखाने में कामगार के तौर पर काम करते थे। कुशवली गांव के जिस व्यक्ति ने इन गुटखा माफियाओं को कारखाने के लिए जमीन दी थी, उस पर भी कार्रवाई की जाएगी. ऐसी जानकारी डीसीपी शिवराज पाटील ने दी है। वहीं क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई से कल्याण के गुटखा माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## लोकसभा चुनाव में वोटरों को घर बैठे वोटिंग की सुविधा



- चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

**आगामी** लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने मोर्चाबंदी शुरू कर दी है. इसलिए चुनाव आयोग की ओर से तैयारियों की समीक्षा की जा रही है. राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीकांत देशपांडे ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में पहली बार घर बैठे वोट कर सकेंगे। वह पुणे कलेक्टरेट में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता पूरे देश में कभी भी लागू हो सकती है। उससे पहले ही राज्य निर्वाचन आयोग ने समीक्षा शुरू कर दी है. इसी के तहत राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीकांत देशपांडे ने पुणे जिले की समीक्षा की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग और 80 साल से अधिक उम्र के लोग घर बैठे वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए मतदान कर सकेंगे. श्रीकांत देशपांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चुनाव आयोग ने इसी साल से यह फैसला लिया है.

### 12डी फॉर्म घर पर उपलब्ध

श्रीकांत देशपांडे ने यह भी कहा कि आगामी चुनावों में कुछ नीतिगत बदलाव किए गए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में पहली बार 80 वर्ष से अधिक उम्र के विकलांग व्यक्तियों को घर पर मतदान करने की अनुमति दी जाएगी। चुनाव की घोषणा के बाद लोगों को अपने विकल्प चुनने के लिए 12डी फॉर्म उपलब्ध होंगे। उन्हें घर पर ही फॉर्म दे दिया जाएगा। उनसे विकल्प लेकर कलेक्टर को दिया जाएगा। मतदान से पहले उनके वोट लिए जाएंगे.

उल्हासनगर महानगर पालिका ने

## मेधावी विद्यार्थियों और पालकों का किया सम्मान





**उल्हासनगर.** मनपा महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने मिड टाउन हॉल में योग्यता सम्मान समारोह का आयोजन किया. बेहद कठिन परिस्थितियों में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

उल्हासनगर मनपा महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, सुदृढ़ीकरण, विकास आदि को लेकर समाज में उचित संदेश पहुंचाया जाए। इसी उद्देश्य से मंगलवार दोपहर मनपा के मिडटाउन हॉल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, विभाग प्रमुख नितेश रंगारी उपस्थित थे। महिला एवं बाल कल्याण विभाग महिला सशक्तिकरण, सुदृढ़ीकरण, सशक्तीकरण, विकास आदि के बारे में समाज में सही संदेश पहुंचाये। उन्हें अपने पैरों पर खड़ा किया. शहर की ऐसी महिलाओं और अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेहनती छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को पुरस्कार दिये गये. यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने दी है.

## उल्हासनगर में एक्टिवा चोरी की 2 घटनाएं



**उल्हासनगर.** सेंट्रल पुलिस थाना अंतर्गत होंडा एक्टिवा चोरी होने की 2 घटनाएं हुई हैं.

पहली घटना में फिर्यादी चंदर मेघराज रामचंदानी (69) ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी होंडा एक्टिवा (क्र. एमएच 15 सीडब्ल्यू 3235) कैम्प-3, पुराने स्टेट बैंक आफिस के पीछे, सिल्वर अपार्टमेंट के सामने सड़क पर खड़ी की थी. 27-28 फरवरी की मध्य रात्रि में अज्ञात चोर उनकी एक्टिवा चोरी कर ले गया.

वहीं जितिन रमेश फुलवानी (33) फुलवानी हाउस ब्लाक सी-15 के सामने मंगवानी मेंशन के पास, सेक्शन-17, उल्हासनगर-3 में रहते हैं. जितिन ने अपनी होंडा एक्टिवा अपने घर के पास ही खड़ी की थी. 27-28 फरवरी की रात अज्ञात उनकी एक्टिवा चोरी कर ले गया, जिसकी नंबर एमएच 05 बीएन 0747 है और कीमत 40 हजार रुपए है. सेंट्रल पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक सुधर्म सावंत जांच कर रहे हैं.

## बदलापुर पूर्व पुलिस ने सोने की चेन वादी को लौटाई



**बदलापुर.** कुछ महीने पहले, बदलापुर पूर्व में पुरूषोत्तम हाइट बिल्डिंग के पास चोरों ने संगीता मोरे की सोने की चेन लूट ली थी। इसके बाद संगीता मोरे ने इस मामले में बदलापुर शहर पूर्व पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने जांच की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने चोरों की तलाश की और दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया. गहरी जांच के बाद चोरों ने सोने की चेन चुराने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने सोने की चैन जब्त कर लिया. संगीता मोरे के वकील एड. जीवन कुरील और अधिवक्ता विशाखा मैडम ने अदालत में सही पक्ष रखा और अदालत के आदेश पर संगीता मोरे को उनकी सोने की चेन वापस कर दिया गया।

पुलिस निरीक्षक शीतल शितोले के निर्देशानुसार पुलिस उपनिरीक्षक झुंजारराव, पुलिस कांस्टेबल राठौड़ द्वारा उक्त सामग्री संगीता मोरे को वापस कर दी गई. संगीता मोरे ने बदलापुर शहर पूर्व पुलिस स्टेशन का दिल से आभार व्यक्त किया है

### झूलेलाल मंदिर के पास घर से मोबाइल चोरी



**उल्हासनगर.** झूलेलाल मंदिर के पास रहने वाली एक महिला के घर में घुसकर अज्ञात चोर वीवो कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गया.

फिर्यादी चंद्रकली सरोज (38) प्रीति विला बिल्डिंग, झूलेलाल मंदिर के पास, उल्हासनगर-3 में रहती हैं. बुधवार की सुबह 11 बजे के करीब उनके घर का दरवाजा खुला पाकर अज्ञात चोर घर में घुसा और 5000 रुपए कीमत का वीवो कंपनी को मोबाइल चोरी कर ले गया. उल्हासनगर पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है.

## खबरें गांव की...

### बच्चे से दरिंदगी की कोशिश...50 फीट गहरे कुएं में फेंका, 14 घंटे बाद निकाला गया

**प्रयागराज.** दरिंदगी के इरादे से एक युवक 5 साल के बच्चे को करछना जंगल उठा ले गया। वहां उसके साथ जोर-जबरदस्ती करने लगा। इस बीच, रोता-बिलखता बच्चा बेहोश हो गया। फिर मारने के इरादे से बच्चे के गले में रस्सी का फंदा फंसाकर उसे करीब 50 फीट गहरे सूखे कुएं में फेंक दिया। फिर युवक वहां से भाग गया। बच्चे के लापता होने के बाद तलाश में जुटी पुलिस को आरोपी युवक एक CCTV में नजर आ गया। उसको हिरासत में लेने के बाद पुलिस उसे लेकर कुएं तक पहुंची। गुरुवार सुबह 7 बजे रस्सी के फंदे से लटके बच्चे को जब ऊपर लाया गया, तब उसकी सांस चल रही थी। करीब 14 घंटे तक बच्चा कुएं में जिंदा रहा। बच्चे का परिवार नैनी इलाके में रहता है।

### BBA छात्र की दोस्तों ने की हत्या...6 करोड़ फिरौती मांगी : पुलिस ने गोली मारकर पकड़ा

ग्रेटर नोएडा में बुधवार देर रात BBA छात्र की हत्या करने वाले आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हुई। जिसमें 3 आरोपियों के पैर में गोली लगी है। तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इसके बाद दादरी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। एनकाउंटर में घायल बदमाशों की पहचान सुमित सिंह, सुशांत वर्मा और शिवम सिंह के रूप में हुई है। बेनेट यूनिवर्सिटी के छात्र का शव बुधवार शाम 5 बजे बरामद हुआ था। इसके 7 घंटे में ही, रात करीब 12 बजे पुलिस ने आरोपियों का एनकाउंटर किया। दरअसल, 4 दोस्तों ने ही छात्र की हत्या की थी। एक आरोपी अभी भी फरार है।

### अखिलेश ने समन का जवाब लिखित में भेजा

**लखनऊ.** सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज CBI के सामने पेश नहीं हुए। CBI ने 5 साल पुराने अवैध खनन केस में उन्हें दिल्ली में बतौर गवाह पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, उन्होंने लिखित में CBI को जवाब भेज दिया है। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि समन कौन भेजवा रहा है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में उन्हें कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा, तब नोटिस भी आएगा। भाजपा इस समय सबसे ज्यादा कमजोर है। वह घबराई हुई है।

### पहाड़ी पर बुलाकर प्रेमिका की हत्या

**सोनभद्र.** 24 फरवरी को सोनभद्र के चोपना थाना क्षेत्र में महुआरी पहाड़ी के पास एक युवती की लाश मिली थी। चरवाहों ने लाश देखी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि शव 48 घंटे पुरानी है, और युवती को पहले पहाड़ी से धक्का दिया गया, बाद में पत्थर से चेहरे और सिर पर कई वार कर हत्या की गई। किसी तरह युवती के घर वालों को पता चला तो उन्होंने शव की पहचान की। युवती की पहचान चोपन थाना क्षेत्र के महेंद्र की पुत्री आरती के रूप में हुई थी। सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र में युवती की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपी शिवम दूबे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या प्रेम-प्रसंग में की गई थी।

# सवाल पूछने में महाराष्ट्र के सांसद अव्वल

**17वीं लोकसभा का रिपोर्ट कार्ड** | **29 सांसद पूरे समय मौन रहे, इनमें सोनिया गांधी और शत्रुघ्न सिन्हा शामिल**

**नई दिल्ली.** 17वीं लोकसभा (2019 से 2024) का कार्यकाल खत्म होने वाला है। इन पांच साल में 143 सांसद 729 प्राइवेट मेंबर बिल लाए, लेकिन इनमें से एक भी पारित नहीं हुआ। 25 सांसदों ने 500 से ज्यादा तो 113 ने 300 से ज्यादा सवाल पूछे।

29 सांसद ऐसे रहे, जिन्होंने एक भी सवाल नहीं पूछा। इनमें कांग्रेस से सोनिया गांधी, अखिलेश यादव, शत्रुघ्न सिन्हा भी शामिल हैं। अखिलेश मार्च 2022 में इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि शत्रुघ्न अप्रैल 2022 में सदन पहुंचे हैं।

महाराष्ट्र के हरेक सांसद ने सबसे ज्यादा औसतन 370 सवाल पूछे। सबसे ज्यादा सवाल पूछने वाले 10 सांसदों में भी 7 महाराष्ट्र के हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश के सांसदों ने औसतन 275 तो राजस्थान के सांसदों ने 273 सवाल पूछे।

हाजिरी के मामले में हरियाणा के सांसद सबसे ऊपर रहे। ऐसे टॉप-10 सांसदों में 4 यहीं से हैं। 10 फरवरी 2024 को 17वीं लोकसभा का आखिरी और अंतरिम बजट सत्र खत्म हुआ था। इस अवधि तक संसद सत्र के दौरान 5 साल में कुल 274 बैठकें हुईं।

### महिलाओं में सुले ने 629 सवाल पूछे

तीन सांसद- सिरसा की सुनीता दुग्गल, अजमेर के भागीरथ चौधरी और कांकेर के मोहन मांडवी की 100% हाजिरी रही। सांसदों की औसतन 79% उपस्थिति रही, जो 16वीं लोकसभा में 80% थी। सबसे ज्यादा 654 सवाल बालुरघाट (प. बंगाल) के भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार ने पूछे।

यदि पार्टीवार बात करें तो एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने सबसे ज्यादा 629 सवाल पूछे।



### महिला सांसदों का रिपोर्ट कार्ड

| सांसद | सवाल | डिबेट |
|---|---|---|
| सुप्रिया सुले | 629 | 250 |
| हिना गावित | 550 | 78 |
| संगीता कुमारी | 502 | 49 |
| प्रीतम मुंडे | 501 | 24 |
| रक्षा खडसे | 400 | 69 |

जनहित के मुद्दे हों या बजट-बिल, इनमें सांसदों ने औसतन 45 बहसों में ही हिस्सा लिया। केरल व राजस्थान के सांसद बहसों में सबसे ज्यादा मौजूद रहे।

हमीरपुर (यूपी) के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने 1261, जबकि अंडमान-निकोबार के कुलदीप शर्मा ने 834, बिजनौर (यूपी) के मलूक नागर ने 606 बहसों में हिस्सेदारी की।

### सेलेब्रिटीज में किरण खेर ने पूछे 106 सवाल

बात अगर सेलेब्रिटी सांसदों की करें तो, सन्नी देओल की सबसे कम 16% हाजिरी रही, और इस दौरान भी उन्होंने सिर्फ 4 सवाल पूछे। किरण खेर ने सबसे ज्यादा 106 सवाल किए, 49% उपस्थिति। मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने भी 105 सवाल पूछे। सूफी गायक हंसराज हंस की 39% हाजिरी, 15 सवाल पूछे। नुसरत जहां की 22% तो मिमी चक्रवर्ती की 21% उपस्थिति रही। क्रिकेटर गौतम गंभीर ने 97 सवाल पूछे।

# गिरफ्तारी के बाद शेख शाहजहां को TMC ने किया सस्पेंड

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी TMC नेता शेख शाहजहां को टीएमसी ने 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। पार्टी के फैसले का ऐलान करते हुए टीएमसी लीडर डेरेक ओ' ब्रायन ने कहा कि एक पार्टी है, जो सिर्फ बोलती रहती है। तृणमूल जो कहती है, वो करती है।

शेख को बंगाल पुलिस ने गुरुवार 29 फरवरी की सुबह नॉर्थ 24 परगना के मीनाखान इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया। वह 55 दिन से फरार था। पुलिस ने उसे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। कोलकाता पुलिस ने जांच क्रिमिनल इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट (CID) को सौंप दी है।



साउथ बंगाल के ADG सुप्रतिम सरकार ने कहा कि वह 5 जनवरी को ED अफसरों पर हुए हमले के मुख्य आरोपियों में शामिल था। उसे इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ED की टीम पर हमले में शेख शाहजहां ने अपनी भूमिका कबूल कर ली है।

### वकील हाईकोर्ट पहुंचा, कोर्ट बोला- गिरफ्तार ही रहने दो

गिरफ्तारी के तुरंत बाद शेख शाहजहां के वकील जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने कहा, ृउसे गिरफ्तार ही रहने दो। अगले 10 साल तक ये आदमी आपको बहुत व्यस्त रखेगा। आपको इस केस के अलावा कोई और चीज देखने का मौका नहीं मिलेगा। उसके खिलाफ 42 केस दर्ज हैं। वो फरार भी था। जो कुछ भी आपको चाहिए, आप सोमवार को आइए। हमारे पास उसके लिए कोई सहानुभूति नहीं है।

# डिंडौरी में पिकअप पलटी 14 की मौत, 20 घायल;

■ **टर्निंग पर अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में गिरा वाहन**

**डिंडौरी.** डिंडौरी में एक पिकअप वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई। 20 लोग घायल हैं। वाहन में 35 लोग सवार थे। हादसा शहपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच हुआ। मृतकों में 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। सभी की उम्र 16 से 60 वर्ष के बीच है। इनमें सात लोग अम्हाई देवरी के हैं। दो पोंडी और एक-एक शव धमनी व सजनिया ले जाए गए हैं। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर अजमेर टेकाम निवासी करोंदी को हिरासत में ले लिया है। पिकअप अजमेर की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने बताया कि पिकअप अमाही देवरी गांव से मंडला जिले के मसूर घुघरी गांव गई थी। लौटते समय एक टर्निंग पर पिकअप पलटी और 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि वाहन का बीमा और फिटनेस एक्सपायर हो चुका था। पिकअप वाहन माल ढोने के काम आता है।

# नवनीत राणा की जाति पर सवाल- सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित

### आरोप- फर्जी दस्तावेज देकर बनवाया था कास्ट सर्टिफिकेट

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (28 फरवरी) को लोकसभा की अमरावती सीट से सांसद नवनीत कौर राणा के जाति प्रमाण पत्र से जुड़े केस में फैसला सुरक्षित रख लिया। नवनीत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने के लिए याचिका लगाई थी।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 8 जून 2021 को कहा था कि नवनीत ने मोची जाति का प्रमाण पत्र फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी से हासिल किया था। कोर्ट ने कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह सिख-चमार जाति से थीं। हाईकोर्ट ने उन पर 2 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया था।

केस जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस संजय करोल की बेंच में था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सांसद राणा के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी।



### हाईकोर्ट ने 6 महीने में सर्टिफिकेट सरेंडर करने कहा था

दरअसल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) से समर्थित प्राप्त राणा ने 2019 में अमरावती से जीत हासिल की थी। उन्होंने दावा किया था कि वह मोची जाति से आती हैं। बॉम्बे HC ने राणा को 6 हफ्ते के अंदर जाति प्रमाणपत्र सरेंडर करने कहा था। साथ ही महाराष्ट्र कानूनी सेवा प्राधिकरण को 2 लाख रुपए का जुर्माना देने को कहा था।

हाईकोर्ट का कहना था कि अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र लेने के लिए मोची जाति से जुड़े होने का राणा का दावा फर्जी था। कोर्ट ने कहा था कि ये जानते हुए भी कि वे उस जाति से नहीं है, उन्होंने SC कैटेगरी के उम्मीदवार मिलने वाले लाभ हासिल करने के इरादे से फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया था।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन जानबूझकर किया गया था ताकि राणा अनुसूचित जाति के उम्मीदवार के लिए रिजर्व सीट पर सांसद का चुनाव लड़ सकें।

# 2 से ज्यादा बच्चे होने पर सरकारी नौकरी नहीं

■ **राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने रखा बरकरार**

■ **कहा- नियम भेदभाव नहीं करता**

**नई दिल्ली.** राजस्थान में दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार के 1989 के इस कानून को अब सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिल गई है। SC ने पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एक आदेश में ने 12 अक्टूबर 2022 के राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और कहा कि राजस्थान सरकार का नियम नीति के दायरे में आता है और इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। 2017 में रिटायर हुए पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट ने 2018 में राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के रूप में शामिल होने की मांग की थी। उनके आवेदन को राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 24(4) का हवाला देते हुए खारिज कर दिया गया था। इस नियम के तहत 1 जून 2002 के बाद पैदा हुए दो से अधिक बच्चे वाले व्यक्ति को नौकरी देने से रोकता है। जाट ने इसी नियम के खिलाफ तर्क देते हुए पहले राजस्थान हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।



सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि ऐसा प्रावधान पंचायत चुनाव लड़ने की योग्यता के तौर पर भी पेश किया गया था। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। 21 साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि नियम जो दो से ज्यादा जीवित बच्चे होने पर उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करता है, गैर-भेदभावपूर्ण नहीं है। यह संविधान के दायरे से बाहर है, क्योंकि प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है।

### हिमाचल में ऑपरेशन लोटस फेल रहा

हिमाचल प्रदेश में सरकार की स्थिति और क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस ने 29 फरवरी की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी और विधायकों के बीच सारे मतभेद सुलझा लिए गए हैं। सुक्खू सीएम बने रहेंगे। ऑपरेशन लोटस फेल हो गया है। हमारे लिए अब लोकसभा चुनाव प्राथमिकता है।

# बेंगलुरु में B.Tech स्टूडेंट ने चाची का मर्डर किया

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु पुलिस ने 20 साल के एक बीटेक स्टूडेंट को अपनी चाची की हत्या के आरोप में विजयवाड़ा से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 50 हजार रुपए के लिए महिला की हत्या की थी। उसके गहने ले लिए और पेट्रोल डालकर शव जला दिया। मामला 12 फरवरी का है। आरोपी बुधवार को गिरफ्तार हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम जसवंत रेड्डी है। वह कंप्यूटर साइंस में बीटेक थर्ड ईयर का स्टूडेंट है। चाची की हत्या के बाद आरोपी स्टूडेंट गोवा गया था। उसने अपने दोस्तों के साथ पार्टी की। वहां से लौटकर उसने क्लास जॉइन की। मृतक महिला की पहचान 37 साल की सुकन्या के रूप में की गई। वह इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी के पास डोड्डाथोगुरु में रहती थी और एक अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में हाउसकीपिंग स्टाफ थी। सुकन्या के पति डी नरसिम्हा रेड्डी ने 13 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई थी।

### चाची से गहने लूटने के इरादे से गया था स्टूडेंट

जसवंत का पिछले साल अक्टूबर में एक एक्सीडेंट हुआ था। उसने वाहन मालिक से केस दर्ज न कराने के बदले 50 हजार रुपए जुर्माना देने का वादा किया था। जसवंत अपनी चाची सुकन्या से 50 हजार मांग रहा था। वह 12 फरवरी को सुकन्या से मिलने और उसके सोने के गहने लूटने के लिए किराए की कार से बेंगलुरु आया था। सुकन्या काम पर थी। जसवंत ने उसे घर छोड़ने के बहाने अपनी कार में बिठा लिया। फिर उसने एक सुनसान जगह पर कार रोकी और अपना कर्ज चुकाने के लिए सुकन्या से पैसे मांगे।

# बीसीसीआई ने श्रेयस-ईशान को कॉन्ट्रैक्ट से किया बाहर

श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को BCCI ने एनुअल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल नहीं किया। क्योंकि दोनों खिलाड़ियों ने IPL की तैयारी करने के लिए घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं दी।



रिपोर्ट अनुसार, किशन रणजी ट्रॉफी के मुकाबले छोड़कर अपनी IPL टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ प्रैक्टिस कर रहे थे। वहीं श्रेयस भी मुंबई का घरेलू मैच छोड़कर IPL टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे थे।

BCCI ने इसी कारण दोनों प्लेयर्स को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया। बोर्ड ने यह भी कहा कि दोनों खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट छोड़ने के कारण सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर किया गया है।

### दिसंबर में ईशान ने लिया था ब्रेक

ईशान किशन ने पिछले साल दिसंबर में साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल होने के बाद अपना नाम वापस ले लिया था। उन्होंने निजी कारणों के चलते नेशनल टीम से ब्रेक लिया था। ईशान ने 2 महीने तक कोई कॉम्पिटिटिव क्रिकेट नहीं खेला और अब फरवरी में डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट से वापसी कर ली।

ईशान को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की टीम में भी नहीं चुना गया। उन्हें बाहर करने के सवाल पर हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि ईशान ने अब तक खुद को अवेलेबल नहीं किया है। अगर वह वापसी करना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में अच्छा परफॉर्म करना होगा।

### श्रेयस ने रणजी क्वार्टर फाइनल नहीं खेला

श्रेयस अय्यर ने वनडे वर्ल्ड कप में 530 रन बनाने के बाद टीम के लिए साउथ अफ्रीका सीरीज भी खेली। उन्हें फिर अफगानिस्तान सीरीज का हिस्सा नहीं बनाया गया, इस दौरान उन्होंने मुंबई से रणजी मैच खेला। श्रेयस को फिर इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती 2 टेस्ट में मौका मिला लेकिन खराब फॉर्म के कारण आखिरी 3 टेस्ट से बाहर कर दिया गया। टीम इंडिया से बाहर होने के बाद श्रेयस ने मुंबई से रणजी ट्रॉफी ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला और क्वार्टर फाइनल नहीं खेला।

# थरूर बोले- भाजपा को केरल में 2 जीरो मिलेंगे

**पार्टी यहां की संस्कृति-इतिहास नहीं समझती; PM ने डबल डिजिट सीट जीतने की उम्मीद जताई थी**

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा है कि भाजपा को केरल में डबल डिजिट में सीट तभी मिलेंगीं, जब ये दो जीरो होंगे। भाजपा केरल का इतिहास और संस्कृति नहीं समझती है। यहां सांप्रदायिकता ज्यादा दूर नहीं चल सकती है। थरूर ने ये बयान PM मोदी के डबल डिजिट में सीट जीतने के बयान के बाद दिया है।

दरअसल, 28 फरवरी को PM मोदी केरल के तिरुवनंतपुरम के दौरे पर थे। यहां उन्होंने कहा कि 2019 में केरल के लोगों के दिलों में उभरी 'उम्मीद' अब 2024 में उनका 'विश्वास' बन गई है। 2019 में केरल में NDA को दोहरे अंकों में वोट मिले। ऐसा लग रहा है कि 2024 में केरल ने दोहरे अंक में 'सीटें' देने का फैसला कर लिया है।

### भाजपा ईसाई समुदाय को लुभाने में लगी है

थरूर ने कहा- मैं नरेंद्र मोदी को इतना क्रेडिट दूंगा कि वे 6 पर्सेंट पार्टी को 12-13 पर्सेंट तक ले आए हैं। इससे ज्यादा कुछ नहीं। हमें ये भी पता है कि भाजपा ईसाई समुदाय को लुभाने में लगी हुई है। प्रधानमंत्री खुद दिल्ली और केरल में राज्य के कई ईसाई धार्मिक नेताओं से मिल चुके हैं। केरल के सेंट्रल त्रावणकोर एरिया में ईसाई समुदाय की महत्वपूर्ण उपस्थिति है और कहते हैं कि उनका वोट वहां के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में जीत-हार तय करता है, लेकिन मणिपुर हिंसा के बाद भाजपा की रणनीति विफल हो गई है।



### पार्टी ने अभी किसी नाम की घोषणा नहीं की है

तिरुवनंतपुरम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवारी के बारे में थरूर ने कहा कि कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है और उन्होंने हम में से किसी से यह भी नहीं कहा कि हम चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। मैं बतौर सांसद अपने कर्तव्य का पालन कर रहा हूं।

# कानपुर में 2 नाबालिग बहनों के शव लटके मिले

**परिजन बोले- जबरन शराब पिलाई, अश्लील विडियो बनाकर गैंगरेप किया**

**कानपुर.** कानपुर के घाटमपुर में दो नाबालिग बहनों के शव बुधवार रात पेड़ से फंदे पर लटके हुए मिले। शाम को दोनों बहनें लापता हो गईं। रात को परिवार के लोग तलाश करते हुए खेतों पर पहुंचे। वहां पेड़ से फंदे पर लटकती दोनों की लाश मिली। खेत से करीब 300 मीटर की दूरी पर स्थित भट्ठा पर इनमें से एक लड़की के पिता मजदूरी करते हैं।

परिवार के लोगों ने भट्ठा ठेकेदार समेत 3 लोगों पर रेप के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए घाटमपुर थाने में FIR दर्ज कराई है। पुलिस ने ठेकेदार समेत 3 लोगों को पकड़ लिया है। ठेकेदार के मोबाइल से कुछ अश्लील वीडियो भी मिले हैं। जिसमें दोनों बहने दिख रही हैं।



मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भट्ठा, खेत और आसपास इलाके में पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने छानबीन करके साक्ष्य जुटाए। पूरा मामला घाटमपुर के बरौली इलाके का है।

### खेलने निकली, फिर किसी ने नहीं देखा

दोनों लड़कियां रिश्ते में बहनें थीं। दोनों के परिवार मूलरूप से हमीरपुर के रहने वाले हैं। वो घाटमपुर के बरौली में LIC भट्ठा पर मजदूरी करते थे। एक बहन 16 साल की, जबकि दूसरी की उम्र 14 साल थी। परिजनों के मुताबिक, दोनों एक साथ रहा करती थीं। बुधवार शाम को दोनों घर के बाहर निकली थीं। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। एक लड़की के पिता भट्ठा पर काम करते थे। इसलिए उन्हें ढूंढते हुए परिवार के लोग भट्ठा की तरफ पहुंचे। रात में करीब 12 बजे यहां खेत में बेर के पेड़ पर दोनों के शव लटके दिखे। परिवार ने दोनों को नीचे उतारा। पुलिस को सूचना दी। करीब 12.30 बजे DCP साउथ रवींद्र कुमार, घाटमपुर थाना प्रभारी, फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची।


### आम सूचना

मैं श्री जवाहर निहालचंद वरलियानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 506, पांचवा माला, कैलाश कॉम्पलेक्स, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 28बीआय005064000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती इंदू गुरमुखदास गोदानी के नाम पर है। उनसे मैंने सेल एग्रीमेंट दि 22.10.2011 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री जवाहर निहालचंद वरलियानी**

### आम सूचना

मैं श्री दिनेश आनंदराम रोचलानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि दुकान नं. 7, जय श्री कृष्ण अपार्टमेंट, प्लॉट नं. 1032, वसनशाह बाजार, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 56डीआय021311900) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशोक रामचंद बुधवानी के नाम पर है। उनसे मैंने सेल एग्रीमेंट दि 10.2.2023 सी.नं. 14/2023 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री दिनेश आनंदराम रोचलानी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती दिपप्रभा राजेश भडांगे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, श्रीराम नगर, यशवंत विद्यालय के पास, सेक्टर 29, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 47सीआय010457700) उक्त प्रॉपर्टी श्री श्रीधर भिकाजी सोनावणे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 28.2.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती दिपप्रभा राजेश भडांगे**

## संक्षेप...

### मेगा मार्ट में सेंधमारी कर 1 लाख नकद चोरी

**भिवंडी.** कल्याण-भिवंडी रोड, कोनगांव में मेगा मार्ट शोरूम में सेंधमारी कर अज्ञात चोर कैश काउंटर से 99 हजार 700 रुपए चोरी कर ले गया. मिली जानकारी के अनुसार कल्याण-भिवंडी रोड, कोनगांव में मेगा मार्ट शोरूम है. 26-27 फरवरी की रात में अज्ञात चोर शोरूम के बाथरूम की खिड़की का ग्रिल काटकर अंदर घुसा और कैश काउंटर में रखे 99 हजार 700 रुपए चोरी कर ले गया. इसकी शिकायत सनी नरेशसिंह भदोरिया (34) ने कोनगांव पुलिस थाने में दर्ज कराई है. पुलिस हवलदार गोरले को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

# MVA में सीटों का फॉर्मूला तय



### ■ सबसे ज्यादा सीटों पर लड़ेगी शिवसेना यूबीटी

**मुंबई.** महाराष्ट्र में एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी में सीटों का बंटवारा फाइनल हो गया है. सूत्रों के मुताबिक, महाविकास अघाड़ी (MVA) में शामिल शिवसेना (UBT) सबसे अधिक 21 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है. कांग्रेस 15 और शरद पवार की एनसीपी 9 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है. सूत्रों ने बताया कि गठबंधन में शामिल प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) दो और राजू शेट्टी की पार्टी एक सीट पर चुनाव लड़ेगी. महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं. सीट शेयरिंग को लेकर गुरुवार (29 फरवरी) को शरद पवार के आवास पर मुंबई में तीनों दलों के नेताओं की अहम बैठक हुई. इसी में सीट शेयरिंग पर सहमित बनी है.

### ■ शरद पवार की पार्टी की सीटें तय

महाविकास अघाड़ी के नई साथी बनी वंचित बहुजन आघाड़ी को 2 सीटें और राजू शेट्टी के स्वाभिमानी पक्ष एक सीट दी गई है। महाविकास आघाड़ी के नेताओं के अनुसार जल्द ही सभी नेता एक प्रेस कांफ्रेंस में इसका ऐलान करेंगे। एमवीए की तरफ से पांच मार्च को आधिकारिक ऐलान किया जा सकता है। मुंबई की छह में से चार सीटों पर शिवसेना यूबीटी चुनाव लड़ेगी। एमवीए से जुड़े नेताओं के हवाले जो जानकारी मीडिया में सामने आई है उसके अनुसार जिस सीट पर जिस भी पार्टी के सांसद हैं, वो सीट उसी पार्टी के पास रहेगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के हिस्से में शिरूर, सतारा, माधा, बारामती, जलगांव, रावेर, डिंडोरी, बीड और अहमदनगर की सीट रहने की संभावना है।

### इन सीटों पर अंतिम फैसला बाकी

आघाड़ी के घटक दलों के बीच कुछ सीटों को लेकर मतभेद है। इन पर अंतिम फैसला दिल्ली में बड़े नेताओं की मौजूदगी में लिया जाएगा। जिन सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। उनमें रामटेक, हिंगोली, जालना, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई दक्षिण मध्य, शिरडी और भिवंडी सीटें शमिल हैं। अकोला सीट वीबीए और हातकणंगले राजू शेट्टी को मिलने की उम्मीद की जा रही है। कोल्हापुर सीट पर शिवसेना यूबीटी के लड़ने के आसार है। वंचित बहुजन आघाड़ी ने जालना की सीट से मराठा आरक्षण नेता मनोज जरांगे पाटिल को लड़ाने की मांग रखी है।

# इंटेल इंडिया के पूर्व कंट्री हेड की हादसे में मौत



### ■ अवतार सैनी सुबह साइकिल चला रहे थे
### ■ कैब ने पीछे से टक्कर मार दी

**मुंबई.** इंटेल इंडिया के पूर्व कंट्री हेड अवतार सैनी की बुधवार सुबह लगभग 5:50 बजे सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 68 साल के अवतार नवी मुंबई के नेरुल एरिया में पाम बीच रोड पर अपने दोस्तों के साथ साइकिलिंग कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कैब ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। उनकी साइकिल कैब के अगले पहिए में फंस गई थी। उनकी मौत की खबर गुरुवार को मीडिया में आई।

पुलिस ने कहा कि हादसे के बाद ड्राइवर ने मौके से भागने की कोशिश की थी। हालांकि, दुर्घटनास्थल पर राहगीरों ने कैब चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

हादसे में सैनी को गंभीर चोटें आईं थीं। इसके बाद उनके साथी साइकिलिस्ट उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

पुलिस ने कैब चालक के खिलाफ FIR दर्ज की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फडणवीस को जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई.** मुंबई की सांताक्रुज पुलिस स्टेशन ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को धमकी देने वाले शख्स योगेश सावंत को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने योगेश सावंत को नवी मुंबई इलाके से गिरफ्तार किया. इसके बाद गुरुवार को कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

बताते चलें कि यूट्यूब इंटरव्यू के दौरान महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को कथिततौर पर हत्या की धमकी दी गई थी. पुलिस



ने इस मामले में बुधवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की. एक अधिकारी ने बताया कि वीडियो कथित तौर पर यूट्यूब चैनल 'गावरान विश्लेषक' की ओर से जारी किया गया था. इसे बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जा रहा था. मामले में सत्तारूढ़ शिवसेना की युवा शाखा के शहर पदाधिकारी अक्षय पनवेलकर ने मंगलवार की शाम सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में कहा गया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने 'गवरन विश्लेषक' द्वारा प्रसारित इंटरव्यू के दौरान महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया और भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी दी है.

अधिकारी ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए (धर्म आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 500 (मानहानि), 505 (अपराध के लिए उकसाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एक एफआईआर दर्ज की थी.

एफआईआर में कथित तौर पर वीडियो शेयर करने के लिए फेसबुक यूजर योगेश सावंत को आरोपी बनाया गया था. अधिकारी ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है.

### पानी बिल बकायेदारों का कनेक्शन कट करेगी मनपा

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत पानी का बकाया राशि तत्काल वसूलने का मनपा अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवीय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया और बिल का भुगतान नहीं करने वाले लोगों का कनेक्शन खंडित करने के लिए कहा।साल 2023-24 में कुल 223 करोड़ रुपये का बिल बाकी है।इस बैठक में उपनगर अभियंता विनोद पवार व विकास ढोले सहित पानी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# एअर इंडिया पर 30 लाख जुर्माना

### ■ 80 साल के बुजुर्ग को व्हीलचेयर नहीं दी
### ■ टर्मिनल जाते वक्त मौत हुई थी

**मुंबई.** 80 साल के बुजुर्ग की मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल पर मौत हो गई थी। गुरुवार को डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने इस मामले में एअर इंडिया पर 30 लाख का जुर्माना लगाया है।

दरअसल, बुजुर्ग ने व्हीलचेयर की डिमांड की थी, जो एअर इंडिया ने पूरी नहीं की। पैदल चलकर जाने के कारण बुजुर्ग को हार्ट अटैक आया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी एयरलाइंस ने 16 फरवरी को दी थी।

#### एयरलाइन ने जवाब में कहा- हमने उन्हें इंतजार करने को कहा था

DGCA ने एयर इंडिया को शोकॉज नोटिस भेजा था। इसके जवाब में एयरलाइन ने बताया- कपल अमेरिका से आया था। पति-पत्नी दोनों ने व्हीलचेयर की डिमांड की थी। उनकी पत्नी व्हीलचेयर पर थीं। वे अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लीयरैंस की प्रॉसेस पूरी कर रहे थे। उस दिन व्हीलचेयर की डिमांड भी बहुत ज्यादा थी। इसके चलते हमने उन्हें थोड़ा इंतजार करने को कहा ताकि हम दूसरी व्हीलचेयर का इंतजाम कर सकें। लेकिन, वो पत्नी के साथ पैदल ही चल पड़े। कुछ देर चलने के बाद बुजुर्ग गिर गए। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर मेडिकल सुविधा देने के बाद नानावती हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया था।

# मेट्रो-5 ठाणे-भिवंडी-कल्याण का काम चल रहा युद्धस्तर पर



### ■ MMRDA खरीदेगा 22 नई ट्रेनें

**भिवंडी.** मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MMRDA) ने 'ठाणे – भिवंडी – कल्याण मेट्रो 5' रूट का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है और MMRDA ने इस रूट के लिए मेट्रो ट्रेनें खरीदने का फैसला किया है। इस रूट के लिए 22 मेट्रो ट्रेन खरीदने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इन कारों की खरीद पर 2,640 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।

एमएमआरडीए वर्तमान में मुंबई महानगरीय क्षेत्र में विभिन्न मेट्रो लाइनों पर काम कर रहा है। एमएमआरडीए अगले डेढ़ से दो साल में इनमें से कुछ मार्गों को सेवा में लाने की योजना बना रहा है। इसलिए एमएमआरडीए ने मेट्रो लाइनों का काम तेज कर दिया है। वहीं, मेट्रो ट्रेन खरीदने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। एमएमआरडीए ने 'स्वामी समर्थ नगर – विक्रोली मेट्रो 6' और 'मेट्रो 4', 'मेट्रो 4ए' (वडाला – ठाणे – कासरवडवली, कासरवडवली – गायमुख) मार्गों के लिए मेट्रो ट्रेनों की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब 'मेट्रो 5' रूट के लिए 22 ट्रेनें खरीदने का फैसला किया गया है। उसके लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

इन मार्गों को ठेकेदार की नियुक्ति से चार वर्षों में चरणबद्ध तरीके से सेवा में लाया जाएगा। इन ट्रेनों के रखरखाव और मरम्मत का जिम्मा 17 साल तक नियुक्त ठेकेदार को सौंपा जाएगा।

'ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो 5' रूट 24.50 किमी लंबा है। इस मार्ग का निर्माण 8416 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है और इस मार्ग का काम दो चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में का पु र बा व ड़ी - क शे ली - धामनकरनाका के बीच और दूसरे चरण में धामनकर नाका-भिवंडी-कल्याण के बीच सड़क का निर्माण किया जाएगा। पहले चरण का काम फिलहाल पूरी तेजी से चल रहा है और अब तक इस चरण का 84 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

# दशरथदादा चषक कबड्डी स्पर्धा का उद्घाटन



उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** जय भारत स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित दशरथदादा चषक कबड्डी स्पर्धा का उद्घाटन भाजपा नेता व पूर्व सांसद संजीव नाईक के हाथों से किया गया।इस अवसर पर पूर्व सांसद नाईक अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दशरथदादा सदैव मिट्टी से जुड़ा कार्य करते रहे हैं।दादा कभी जातपात,धर्म का राजनीति नही करते हुए सामाजिक कार्य किये हैं और जमीन से जुड़े हुए नेता है।इस कबड्डी के खेल में पहला ईनाम 21 हजार,दूसरा ईनाम 14 हजार और तीसरा ईनाम 7 हजार रुपये का होगा यह जानकारी पूर्व नगर सेवक उमेश पाटील ने दिया।इस उद्घाटन समारोह में ठाणे भाजप अध्यक्ष व पूर्व नगरसेवक संजय वाघुले, जगदीश पाटील, राकेश पाटील, रचना पाटील, कमलाकर पाटील, मनोज पाटील, सिकंदर केणी, महेंद्र पाटील, कुणाल म्हात्रे, गजानन पवार, मोरेश्वर पवार, प्रशांत पाटील, विशाल खराटे, प्रकाश पाटील, प्रेमनाथ पाटील सहित जय भारत स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुस्लिम कब्रस्तान के लिए हरेश अंकुश इंग्ले का आमरण उपोषण

**कल्याण.** कल्याण में मुस्लिम कब्रस्तान का मुद्दा फिर एक बार चर्चा में आया है। बीते कई दशकों से मुस्लिम समाज के लोग कब्रस्तान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कब्रस्तान के लिए कई आंदोलन हुए, लेकिन कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका मुसलमानों को दफनभूमि देने में नाकाम साबित हुई है। इस बार मुस्लिम समाज नहीं, बल्कि हरेश अंकुश इंग्ले नामक एक व्यक्ति मुस्लिम कब्रस्तान की मांग को लेकर केडीएमसी मुख्यालय के बाहर अनशन पर बैठे है। आंदोलन को लेकर हरेश इंग्ले का कहना है, कि शव के निपटान के लिए जगह उपलब्ध करना या बदलना मनपा प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन, मुस्लिम समुदाय के साथ अन्याय कर रहा है। नेता मंत्रियों को मुसलमानों का वोट चाहिए, लेकिन उनकी मांगों को सुनने वाला कोई नहीं है। कल्याण में मुस्लिम समुदाय को दफनभूमि की ज़मीन उपलब्ध करने की मांग हरेश इंग्ले ने की है।


रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर
(सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत
दैनिक उल्हास विकास पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा
अन्य विवरण विषयक जानकारी

**घोषणा**

(फार्म - 4)

| | |
|---|---|
| 1) प्रकाशन स्थल : | दैनिक उल्हास विकास, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के सामने, गोल मैदान, उल्हासनगर-1 |
| (2) प्रकाशन क्रम : | दैनिक (शनिवार को छोड़कर) |
| (3) प्रकाशक : | हीरो अशोक बोधा |
| (4) संपादक : | हीरो अशोक बोधा |
| (5) नागरिकताः | भारतीय |
| (6) पता : | ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के सामने, गोल मैदान, उल्हासनगर-421001. |
| (7) मुद्रक : | हीरो अशोक बोधा |
| (8) मुद्रण स्थान : | ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के सामने, गोल मैदान, उल्हासनगर-421001. |

मैं **हीरो अशोक बोधा** घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है.

**(हीरो अशोक बोधा)**

दिनांक : 1 मार्च 2024


# दीपिका पादुकोण ने प्रेग्नेंसी अनाउंस की



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा- सितंबर 2024। यानी वो और रणवीर सिंह सितंबर तक पेरेंट्स बन जाएंगे। दीपिका ने पोस्ट में पति रणवीर सिंह को भी टैग किया है।

दीपिका ने प्रेग्नेंसी कंफर्मेशन पोस्ट में फोल्डिंग हैंड और इविल आई इमोजी बनाया है। इसी पोस्ट पर अनिल कपूर, करीना कपूर, प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट और मृणाल ठाकुर समेत कई सेलेब्स ने कमेंट कर कपल को बधाई दी है। इस पोस्ट पर कमेंट कर करीना कपूर ने लिखा- 'लाइफ के बेस्ट फेज में आपका स्वागत है।' वहीं प्रियंका ने दीपिका को मुबारकबाद दी।

हाल ही में ब्रिटिश फिल्म अवॉड' BAFTA के दौरान दीपिका प्रेजेंटर के तौर पर पहुंची थीं। वहां वे अपना पेट छिपाती नजर आई थीं। इसके बाद एक करीबी ने बताया था कि दीपिका प्रेग्नेंट हैं।

इस दौरान उन्होंने डिजाइनर सब्यसाची की डिजाइन की हुई शिमरी साड़ी पहनी थी। सेरेमनी के दौरान ली गईं दीपिका की कई फोटोज वायरल हुई थीं।

# 'प्रेरणा : राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर' संपन्न

**महाराष्ट्र राज्य उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, मुंबई विवि और एसएसटी कॉलेज के सहयोग से आयोजन**

उल्हासनगर. विकसित भारत @2047 की अवधारणा के आधार पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए 'प्रेरणा-राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर' का आयोजन महाराष्ट्र राज्य उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग,मुंबई विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग और एसएसटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के सहयोग से नेरल में किया गया था।

इस शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री मा.अदितिताई तटकरे उपस्थित थीं। साथ में डॉ. नीलेश पाठक, एनएसएस राज्य संपर्क अधिकारी, महाराष्ट्र सरकार, श्री अजय शिंदे, क्षेत्रीय निदेशक महाराष्ट्र, डॉ. तानाजी पाटिल, यूनिसेफ राज्य सलाहकार (युवा भागीदारी), मुंबई विश्वविद्यालय एनएसएस के OSD श्री. सुशील शिंदे, एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी, दिलकॅप कॉलेज के प्राचार्य डॉ.



शशांक डीवगी, एनएसएस जिला समन्वयक एवं कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो.जीवन विचारे, आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के संस्थापक डॉ. विजय कुकरेजा, प्रसिद्ध उद्योगपति डॉ. मिलिंद धारवाडकर, एनएसएस जिला समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए सुश्री अदितिताई तटकरे ने युवा पीढ़ी से देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि, "युवा देश का भविष्य हैं और देश की प्रगति उन पर निर्भर है। इसलिए युवाओं को नेतृत्व के गुण विकसित करने चाहिए और देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

इस शिविर में महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न 39 विश्वविद्यालयोंके 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस शिविर में विकसित भारत @2047 एवं युवा विषय पर विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया तथा छात्रों को नेतृत्व कौशल, संचार कौशल, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन,राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों, कार्यान्वयन की सफल प्रक्रियाओं पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया गया। इसमें व्याख्यान, कार्यशालाएँ और समूह चर्चाएँ शामिल थीं।

इस शिविर में विशेषज्ञ मार्गदर्शकों द्वारा दिए गए विभिन्न व्याख्यानों से समय का उचित नियोजन करने के बारे में मार्गदर्शन मिला। इसके साथ ही विभिन्न समूह चर्चाओं, कार्यशालाओं एवं प्रदर्शनों के माध्यम से हमारे नेतृत्व कौशल का भी विकास हुआ। हम शिविर से प्राप्त ज्ञान को अपने कॉलेज के अन्य एनएसएस स्वयंसेवकों तक पहुंचाएंगे। ऐसी प्रतिक्रिया भाग लेने वाले स्वयंसेवकों ने दी। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन के लिए एसएसटी कॉलेज को बधाई भी दी।

इस शिविर को सफल बनाने के लिए मुंबई यूनिवर्सिटी के कुलगुरू डॉ. रवींद्र कुलकर्णी, प्र- कुलगुरू डॉ. अजय भामरे, रजिस्ट्रार डॉ. बलिराम गायकवाड़, मुंबई यूनिवर्सिटी एनएसएस के OSD सुशील शिंदे, कार्यक्रम अधिकारी रमेश देवकर, एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, जिला समन्वयक एवं उप प्राचार्य प्रो. जीवन विचारे, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मयूर माथुर, प्रो. योगेश पाटिल, डॉ. सुवर्णा निकम, प्रो. नेहा तेलानी और स्वयंसेवकों ने अथक परिश्रम किया।

# व्यापारियों से 58 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी फरार

**भिवंडी.** बालाजी टेक्सटाइल्स, अशोक नगर में एक व्यक्ति व्यापारियों से कच्चा कपड़े का माल लेकर फरार हो गया. कुल 58 लाख 55 हजार 967 रुपए की धोखाधड़ी का मामला शांतिनगर पुलिस में दर्ज किया गया है.

मिली जानकारी के अनुसार




आरोपी मदन सिंह का कल्याण-भिवंडी रोड, अशोक नगर में बालाजी टेक्सटाइल्स था. आरोपी मदन सिंह ने व्यवसायी आमिर आसिफ खान (35) व अन्य व्यापारियों का विश्वास हासिल करने के बाद जनवरी से अब तक 58 लाख 55 हजार 967 रुपए का कच्चा कपड़े का माल लिया और पैसे का भुगतान किए बिना रफू चक्कर हो गया. इसकी शिकायत आमिर खान ने शांतिनगर पुलिस थाने में दर्ज कराई है. पुलिस ने भादंसं की धारा 406, 420 के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक संतोष तपासे जांच कर रहे हैं.





संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099